न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारीः– डॉ0 अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 332/2025
विक्रम सिंह, निवासी गोदारों का बास, बडापाना तन भौडकी, तहसील गुढागौडजी, जिला झुंझुनूं पिन कोड 333032, मो0न0 9784500632

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढागौडजी।

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 28.08.2025

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 11.08.2025 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 332/2025 पर दिनांक 11.08.2025 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढागौडजी के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढागौडजी को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढागौडजी से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2025/3779–80 दिनांक 11.08.2025 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढागौडजी ने पत्रांक आरटीआई/2025/681 दिनांक 26.08.2025 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी श्री विक्रम सिंह, निवासी गोदारों का बास, बडापाना तन भौडकी, तहसील गुढागौडजी, जिला झुंझुनूं द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ऑनलाईन सूचना चाही गई थी। प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय के पत्रांक सू0अ0अ0/2025/407 दिनांक 17.06.2025 के द्वारा ऑनलाईन एवं जरिये रजिस्टर्ड डाक के उपलब्ध करवा दी गई है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढागौडजी द्वारा पत्रांक आरटीआई/2025/681 दिनांक 26.08.2025 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी श्री विक्रम सिंह, निवासी गोदारों का बास, बडापाना तन भौडकी, तहसील गुढागौडजी, जिला झुंझुनूं द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ऑनलाईन सूचना चाही गई थी। प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना उनके कार्यालय के पत्रांक सू0अ0अ0/2025/407 दिनांक 17.06.2025 के द्वारा ऑनलाईन एवं जरिये रजिस्टर्ड डाक के उपलब्ध करवा दी गई है। चूंकि बिन्दू सं0 1 व 2 मे तहसीलदार गुढागौडजी के पत्रांक भू0अ0/2025/943 दिनांक 04.04.2025 मे एक न्याय आदेश प्रचलित रास्ता राजस्व लोक अदालत निर्णय दिनांक 30.05.2017 की सूचना प्रार्थी द्वारा चाही गई है। उक्त सूचना न तो उपखण्ड अधिकारी, उदयपुरवाटी एवं न ही तहसीलदार गुढागौडजी द्वारा प्रार्थी को उपलब्ध करवाई गई है। अतः प्रार्थी का सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर निर्देश दिये जाते है कि उक्त निर्णय उपखण्ड अधिकारी, उदयपुरवाटी एवं तहसीलदार गुढागौडजी मे से जिस कार्यालय से संबंधित है, की सूचना प्रार्थी को 7 दिवस मे नियमानुसार सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 28.08.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ0 अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं